### माफियाओं पर नहीं हो रही कार्रवाई, कभी भी हिंसक हो सकते हैं माफिया

# बोलेरो के सामने बोलेरो अड़ाकर खनिज निरीक्षक से छुड़ा ले गए रेत का ट्रैक्टर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

पेट पालने वाले रेत चोर अधिकारियों की मिली सहानुभूति एवं भाजपा-कांग्रेस के नेताओं का रेत चोरी में गठजोड़ कर रेत का दोहन लंबे समय से चल रहा है। तामिया तहसील में रेत माफिया इस समय प्रशासन पर पूरी तरह से हावी हो चुके हैं। अधिकारियों को दी जाने वाली मंथली के चलते आम जनता को महंगी रेत खरीदना मजबूरी बन गई है, लेकिन अब रेत माफियाओं ने चंबल की तर्ज पर रेत के वाहन छुड़ाने जैसे कारनामे भी करने लगे हैं, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण अल सुबह क्षेत्र की खनिज निरीक्षक स्नेह लता ठवरे जिन्हें रेत पकड़ने बनी टास्क फोर्स के सहयोगी अधिकारियों पर भरोसा नहीं रहा और उन्होंने अकेले ही रेत पकड़ने के लिए अपने खनिज विभाग के अमले के साथ तामिया में हो रही रेत चोरी के वाहन पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन उनका यह सराहनीय प्रयास उनकी जान पर आफत बनकर आन खड़ा हुआ और तामिया घाट पर उन्होंने रेत का ट्रैक्टर पकड़ने के लिए रोका इसी बीच रेत माफिया अपनी बोलेरो वाहन से तुरंत आ धमका खनिज निरीक्षक के बतलाएं अनुसार खनिज निरीक्षक की बोलेरो के सामने अपनी बोलेरो अड़ाकर रेत के ट्रैक्टर को छुड़ा ले गया। इतना ही नहीं इस पोषित रेत माफिया ने खनिज निरीक्षक की बोलेरो पर पत्थरों से अपने चालक मजदूरों से हमला भी करवाया।

इस रेत के वाहन का पीछा करते हुए खनिज निरीक्षक उसके ग्रह गांव ग्राम तक जा पहुंची वहां भी उन्हें उसके परिजनों का विरोध का सामना करना पड़ा और आपाधापी में पलट गए ट्रैक्टर को विरोध को कारण बनाकर उन्हें बगैर ट्रैक्टर के खाली लौटा दिया। इस निर्मित स्थिति के कारण खनिज निरीक्षक स्नेह लता ठवरे द्वारा तामिया टीआई को सूचना दी गई वे पहुंचे तब कहीं जाकर उस दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को तामिया थाने में खड़ा कराया गया। इस तरह बीती रात हुई इतनी गंभीर घटना ने सिद्ध कर दिया कि रेत चोर जो अब बड़े माफिया और मालदार बन बैठे हैं उन्हें प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है।

बीती रात खनिज निरीक्षक के साथ हुई यह घटना तो यही सिद्ध कर गई लेकिन अब रेत चोरी पकड़ने बनी टास्क फोर्स पर भी सवाल उठने लगे हैं कि रात दिन चोरी की रेत लेकर निकल रहे हैं। इस खनिज संपदा के मालिक राजस्व एवं वन विभाग जो इस टास्क फोर्स में शामिल है वह भी कभी अपनी खनिज संपदा की हो रही चोरी पर रोक लगाने में रुचि नहीं रखते हैं, वहीं पुलिस को गृह विभाग ने रेत चोरी पकड़ने मनाही कर रखी है। इसलिए उसकी जवाबदारी केवल कार्रवाई के समय सुरक्षा प्रदान करना है। इस तरह रेत चोरी पकडने वनी टास्क फोर्स का गठन कार्रवाई के वजाय दिखावा साबित हो रही है।

जिला प्रशासन बीती रात हुई खनिज निरीक्षक के साथ पोषित माफिया के द्वारा रेत के वाहन बलात छुड़ाने से जिला प्रशासन के साथ स्थानीय प्रशासन पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। यदि शीघ्र ही रेत चोरी रोकने ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन किसी अधिकारी के यह पोषित रेत माफिया जान भी ले ले तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन को केवल मलाल के अलावा कुछ हाथ नहीं लगेगा।

### इनका कहना है

जब खनिज निरीक्षक से संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने रेत का ट्रैक्टर छुड़ाये जाने की बात कही, साथ-साथ रेत माफिया ने उनके वाहन पर पथराव भी किया है। इस बात को स्वीकार किया और इस पूरी घटना का उन्होंने और उनके साथ के स्टाफ ने वीडियो बनाया है जो स्थानीय पत्रकारों को देने से इनकार किया कि मैं बयान देने एवं वीडियो देने के लिए अधिकृत नहीं हूं।

**स्नेहलता ठवरे**
**खनिज निरीक्षक, तामिया तहसील**

### दहशत में क्षेत्र के ग्रामीणजन

## सौंसर के वार्ड क्रमांक 1 में तेंदुए ने किया बछड़े का शिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विगत कई दिनों से तेंदुए के द्वारा सौंसर क्षेत्र के ग्रामीण भागों में मवेशियों को अपना शिकार बनाया जा रहा है। हाल ही में तेंदुए के द्वारा ग्राम रोहना में चार मवेशियों का शिकार किया था। तेंदुआ अब सौंसर नगर के समिति पहुंच चुका है, जिसके चलते खेतों में काम करने वाले मजदूर एवं किसानों को तेंदुए का डर सता रहा है। तेंदुए की घर पकड़ एवं रोकथाम को लेकर वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा मात्र आश्वासन दिए जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र के अंतर्गत नगर के वार्ड एक से लगे खेत में वन्य प्राणी तेंदुए ने बछड़े का शिकार किया है। वन विभाग स्टाफ द्वारा मौका स्थल पर जाकर शिकार के आस पास से वन्य प्राणी के पगमार्क लेकर मूवमेंट की जानकारी जुटाई जा रही है। सौंसर नगर के सीमावर्ती क्षेत्र से लगे किसान चंद्रशेखर वाडेकर के खेत के कोठे से बीती रात तेंदुए ने गाय के बछड़े का शिकार किया है। किसान जब सुबह खेत में पहुंचा तो उसे बछड़ा मृत अवस्था में पड़ा मिला। किसान ने वन विभाग को सूचना देने पर स्टाफ कर्मचारियों ने घटना स्थल पर जाकर देखा तो शिकार के आधार पर तेंदुए का होना पाया है। वन अमले ने पचनामा बनाकर प्रकरण तैयार किया है। जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में वन्यप्राणी का लगातार मूवमेंट बना हुआ है। वन अधिकारी ने बताया कि इन दिनों सौंसर नगर जाम नदी के आस पास तेंदुआ का लगातार मूवमेंट बना हुआ है किसान अपने पशुओं के सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## आप लोगों के आशीर्वाद और सहयोग से मुझे मिलती है ऊर्जा : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मैं जब भी दोनों जिलों का दौरा करता हूं तो लोग मुझसे पूछते है कि आप लगातार दौरा कर रहे है आप थकते क्यूं नहीं है, हमें इसका राज बताये, तो मैं उन्हें बताता हूॅं कि साहू समाज के लोगों का आर्शीवाद और सहयोग मुझे ऊर्जा प्रदान करता है। मुझे मिल रहा लोगों से आर्शीवाद ही मुझे संबल प्रदान करता है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने मां कर्मा स्वर्ण जयंती महोत्सव 2025 व राष्ट्र स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन को कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि दशहरा मैदान में मंगलवार को आयोजित राष्ट्र स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 37 जोड़ों के सामुहिक विवाह संपन्न हुए। इस दौरान सम्मेलन में मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से पहुंचे सभी अतिथियों का सांसद श्री साहू ने छिन्दवाड़ा पधारने पर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू सहित अन्य अतिथियों ने वैवाहिक स्मारिका उपकार का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय तेली साहू राठौर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू सहित मुंबई, दिल्ली, तेलंगाना व अन्य राज्यों के अतिथि भी शामिल हुए।

## हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**जुन्नारदेव।** मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव महेंद्र मांगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 02/2025 में निर्णय पारित करते हुए आरोपीगण गंगा लाल पिता कन्नू उम्र 40 साल एवं भागचंद पिता नाजुकसा उम्र 42 साल दोनों आरोपी निवासी ग्राम ढालापठार (गुढदम) थाना जुन्नादेव जिला छिंदवाड़ा को राजेश आहाके की हत्या का दोषी पाते हुए दोनों आरोपी को आजीवन कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार हैं कि दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को मृतक राजेश आहाके शाम 7:00 बजे अपने घर से टहलने निकला था एवं गांव के हैंड पंप के पास बैठकर अपने मित्र दीपक के साथ शराब पी रहा था तभी आरोपी गंगा लाल की पत्नी आ गई थी और थोड़ी देर बाद आरोपी गंगा और भागचंद हाथ में कुल्हाड़ी और डंडा लेकर आए फिर मारपीट कर राजेश आहाके के साथ झगड़ा कर उसके चरित्र पर शक करते हुए कुल्हाड़ी , डंडा एवं पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दिया था जिसकी सूचना मृतक के भाई नंदकिशोर आहाके निवासी ढालापठार के द्वारा थाना जुन्नादेव को दी गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा पूछताछ कर प्रकरण पंजीबद्ध किया का अपराध क्रमांक 390/2024 धारा 103 (1) ,3(5) बी.एन. एस.पंजीबद्ध कर न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से 11 गवाहों के कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोपीगण गंगा लाल एवं भागचंद को धारा 103 बी.एन.एस.के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आरोपीगण को आजीवन कारावास एवं 5000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया । प्रकरण में संपूर्ण विवेचना निरीक्षक राकेश बघेल द्वारा की गई एवं मध्य प्रदेश राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई।

## नाबालिक से गंदी हरकत करने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में



**छिंदवाड़ा।** नाबालिग बच्ची से गंदी हरकत करने वाले युवक को छिंदवाड़ा पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार के युवक एक कॉलोनी में पुताई का काम करने जाता था। सोमवार को काम पर उसने मासूम को अकेला देखा और उसके साथ गंदी हरकत की। बच्ची की उम्र चार साल आठ माह है। घटना के बाद बच्ची सहमी सी दिखी तो परिजनों को शक हुआ। जब उससे पूछताछ की तो उसने गंदी हरकत करने की बात बताई। परिजनों ने मंगलवार को ही थाने में शिकायत की जिसके बाद आरोपी को पकड लिया गया है। इस मामले में कोतवाली थाना निरीक्षक उमेश गोल्हानी ने बताया कि घर में पुताई का कार्य करने आए युवक धर्मेन्द्र उर्फ छोटू भिकम विश्वकर्मा ने बालिका को अकेला पाकर उससे अश्लील हरकत की। बालिका ने डरते हुए अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद आरोपी पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अभिरक्षा में लिया गया है।

## महिलाएं कर रही मोहगांव की शराब दुकान हटाने की मांग

### शराबियों के ताने से परेशान हो रहे क्षेत्र के छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



महिलाओं के द्वारा नगर पंचायत मोहगांवहवेली में संचालित हो रही शराब दुकान को हटाने की मांग प्रशासन से की जा रही है। हाल ही में यहां पर संचालित होने वाली शराब दुकान से हो रही परेशानी को लेकर महिला मंडल ने सौंसर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

महिलाओं ने बताया कि मोहगांव हवेती मे वार्ड-08 में देशी शराब दुकान है जिससे 6, 7, 8, 9 की महिलाओं को आवागमन के दौरान सबसे अधिक परेशानी हो रही है। वार्ड क्रमांक 8 की शराब दुकान 24 घंटे शुरू रहने के चलते यहां परअपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का भी आना-जाना लगा रहता है।शराबियों के कारण बड़े पैमाने पर यहां पर ए मर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जाता है जिससे यहां से गुजरने वाली महिलाएं अपने आप को शर्मसार महसूस करती है,वार्ड नं 08 में. स्थीत शराब दुकान से रोड से महिलाएं शौचालय के लिए आवागमन करती है, ऐसे में यहां पर शराब के नशे में धुत शराबियों के द्वारा दिन-रात अपशब्दों का प्रयोग किया जाता है।

इसी मार्ग से महिलाओं की होती है एवं ग्रामीणों को श्री अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान मोहगाव हवेलीएवं बौद्ध विहार की ओर आना-जाना करना पड़ता है, महिलाओं के द्वारा इस स्थान से अन्य स्थान पर शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की जा रही है। पार्षद नितिन डबल ने बताया कि पूर्व में कई बार इस शराब दुकान के कारण महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को हरी परेशानी को लेकर शासन प्रशासन आबकारी के अधिकारियों को अवगत किया जा चुका है।

बावजूद इसके सौसर के अधिकारीयो एवं आबकारी विभाग के द्वारा किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, प्रशासन के द्वारा यदि ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में महिला मंडल को लेकर शराब दुकान हटाने के लिए आंदोलन किया जाएगा।

## समय पर जमा करें विद्युत प्रदाय की बकाया राशि

**सिंगोड़ी:** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी प्राईवेट लिमिटेड विद्युत वितरण केंद्र सिंगोड़ी के सुपरवाईजर कृतार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि प्रति वर्ष माह मार्च में वार्षिक लेखाबंदी होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा वसूली की जाती है। इसी तारतम्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माह मार्च में विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिल बकायादारों से बकाया राशि वसूली की जा रही है एवं सभी घरेलू, कमर्शियल,औद्योगिक, कृषि एवं अन्य उपभोक्ताओं की बकाया राशि होने पर विद्युत लाईन विच्छेदन किया जा रहा है। कई कई जगह भुगतान नहीं करने वालो पर कुर्की की कार्यवाही भी की जा रही है। कनिष्ठ अभियंता सिंगोड़ी द्वारा जानकारी प्रदान की गई है कि माह मार्च में वार्षिक टारगेट प्राप्त करने के लिए काफी कड़ाई से वसूली का अभियान विद्युत विभाग द्वारा की जा रही है जिसमें सभी श्रेणियों के लगभग 450 उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद भी किये जा चुके हैं एवं प्रतिदिन लाईन विच्छेदन का कार्य किया जा रहा है एवं बकाया दार उपभोक्ताओं से संपर्क करके विद्युत बिल भुगतान कराया जा रहा है। विद्युत विभाग सिंगोड़ी द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वह अपने विद्युत बिल बकाया राशि का शीघ्र पूर्ण भुगतान करें जिससे लाईन विच्छेदन एवं अन्य अप्रिय कार्यवाही से बचा जा सके।

## शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मां नर्मदा स्वास्थ्य सेवा व लोकसेवा समिति छिंदवाड़ा जिला प्रभारी अलका नीरज शुक्ला जय वीर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव इस कैंप में जो भी रक्तदान होगा उससे जरूरतमंदों एवं सीकरसेल, थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों की मदद की जाएगी।

आज जिला अस्पताल ब्लड बैंक अधिकारी रंजना टाडेकर मैम जिला अस्पताल ब्लड बैंक अधिकारी अविकांत बेले संकल्प वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष मुख्य अतिथि डाक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा, कलेक्ट्रेट रिजनल आफिसर ममता नामदेव मैम विशिष्ट अतिथि में खापास्वामी फाऊंडेशन अर्चना माहौरे डाक्टर मीरा पराड़कर साथ सभी हमारे रक्तदाता भाई मनीष चौधरी कल्पेश पाल योगिता पराड़कर ममता नामदेव अभिषेक शुक्ला अपार विश्वकर्मा आशीष मालवीय उन्नति फाऊंडेशन सुरभि जी अनुराग सुयंवशी देशमुख भाई और भी अनेक बहुत से भाई बहनों ने रक्तदान महादान किया। अमूल्य योगदान रक्तदान महादान जीवन दान आइये एक प्रण करते हैं।

## ऋण अदायगी के मात्र तीन दिन शेष

### 28 मार्च तक ऋण जमा नहीं किया तो भरना पड़ेगा 12 प्रतिशत ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शासन द्वारा संचालित शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजना अनुसार कृषकों को अपने अल्पकालीन कृषि ऋण की अदायगी ड्यू डेट तक करना अनिवार्य है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से सम्बद्ध 146 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ सीजन में कृषि कार्य हेतु अल्पकालीन फसल ऋण लेने वाले कृषको को 28 मार्च तक ऋण का शत-प्रतिशत भुगतान करना होगा। यदि किसानों के द्वारा ऋण का शत-प्रतिशत भुगतान नहीं किया जाता है तो उन्हें शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा वही ऋणी कृषक को उक्त ऋण की राशि 12 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करना होगा।

उल्लेखनीय है कि बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (बी-पेक्स) से ऋण लेने वाले कृषकों को 28 मार्च तक अपने ऋण की अदायगी करने के लिये बैंक एवं समितियों द्वारा निरंतर सूचित किया जा रहा है। साथ ही उनसे अपील भी की जा रही है कि वे दिनांक 28 मार्च 2025 तक अपने कालातीत एवं अकालातीत ऋण की चुकौती कर समस्त प्रकार की वैधानिक कार्यवाहियों एवं लगने वाले ब्याज एवं दण्ड ब्याज से बचे और दिनांक 01 अप्रैल 2025 से पुनः नया ऋण प्राप्त करें।

कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक द्वारा दिनांक 11 मार्च को कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान बैठक में उपस्थित शाखा प्रबंधकों को 31 मार्च तक वितरित ऋण का 300 करोड़ वसूल करने के निर्देश दिये गये है वहीं ऋणी कृषकों भी अपने ऋण की चुकौती कर एक अप्रैल से पुनः नया ऋण प्राप्त कर शून्य प्रतिशत ब्याज सहायता का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करने एवं कालातीत कृषकों को राजस्व विभाग के माध्यम से आर.आर.सी जारी करने आवश्यक कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया है।

**1 अप्रैल से मिलेगा नया ऋण :-** बैंक से संबद्ध समितियों के माध्यम से अल्पकालीन फसल ऋण लेकर समयावधि में चुकौती करने वाले कृषकों को अप्रैल 2025 से उनकी पात्रता अनुसार पुनः ऋण वितरण किया जावेगा।

### निगम की एमआईसी बैठक में नगर के विकास कार्यों का बजट हुआ प्रस्तुत

## निगम के विकास के लिए 298.33 करोड़ का बजट हुआ पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर निगम छिंदवाड़ा की मेयर इन काउंसलिंग की बैठक मंगलवार को निगम महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किए गए। नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा का वर्ष 2025 - 26 का बजट अनुमान तैयार करके स्वीकृति प्रस्तुत किया गया।

यह बजट कुल राजस्व आय एवं पूंजीगत आय रूपये दो सौ अनठायन्वे करोड तैतीस लाख दस हजार रूपए तथा कुल राजस्व व्यय एवं पूंजीगत व्यय रूपये - दो सौ अनठायन्वे करोड बत्तीस लाख निन्यान्वे हजार रूपए - का प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल चयनित सहायक जनसंपर्क अधिकारी के पद पूर्ति हेतु अभ्यर्थियों के आदेश नियमानुसार जारी करने की सहमति दी गई। वार्ड क्रमांक 15 में चौक का नामकरण संत श्री जलाराम चौक किए जाने के संबंध में सहमति दी गई। श्रीवास्तव कॉलोनी में पार्क में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किया जाने हेतु स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त निगम के विभिन्न शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं दुकानों के आरक्षित वर्ग के आवेदन न आने पर विक्रय हेतु उक्त दुकानों को अनारक्षित श्रेणी में परिवर्तन की स्वीकृति गई। इसके साथ ही प्रताप शाला एवं माल धक्का कॉम्प्लेक्स की दुकानों के बार बार निविदा जारी करने के बाद भी आवेदन नहीं आने पर इनके मूल्य में कमी करने पर सहमति दी गई।

संपत्ति कर की स्वीकृत दर वर्ष 2015-16 की दरों जो कि 2025 - 26 में प्रभावशील है उक्त स्वीकृत दरों में शासन निर्देशानुसार 10% वृद्धि किए जाने हेतु सहमति प्रदान की गई। ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्य एवं भूखण्डो की न्यूनतम दर 838 रुपए के निर्धारण किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गई। नगर निगम को प्रति नल कनेक्शन जल आपूर्ति करने में 450 रुपए प्रति कनेक्शन का खर्च आता है, अतः वित्तीय वर्ष 2025 हेतु जल उपभोक्ता प्रभार की दर घरेलू आवासीय प्रयोजन हेतु 260/- प्रतिमाह एवं व्यवसायिक/ भवन निर्माण प्रयोजन के लिए 780/- प्रतिमाह निर्धारित की गई।

फव्वारा चौक से गोलगंज तक मार्ग का नाम आचार्य विद्यासागर महाराज के नाम करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कुलबहरा नदी के दाहिनी ओर भी सौंदर्यीकरण एवं मूर्ति विसर्जन व्यवस्था बनाने हेतु सहमति व्यक्त कीगई। इसके साथ ही एक देश एक चुनाव के समर्थन के संबंध में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

## केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अनुशंसा, मोआरी खान को मिलेगा जीवनदान

# भारत ओपन कास्ट को भी मिलेगी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



आदिवासी विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव की आर्थिक जीवनदायनी का प्रमुख स्त्रोत कन्हान क्षेत्र के खत्म होते अस्तित्व को एक नई उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। यहां मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के द्वारा कन्हान क्षेत्र की भूमिगत मोआरी खान की विस्तार प्रक्रिया के तहत आवश्यक डायवर्सन के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन किया गया है। यहां पर लगभग 255.2177 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्सन के लिए वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम 1980 की धारा 2 (i) के अंतर्गत यह मंजूरी दी गई है। इस कार्य को प्राथमिकता देने की अनुशंसा कोल एवं खनन मंत्रालय की सलाहकार समिति के द्वारा की गई थी। इस खदान से जुड़ी वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अन्य अनुमति के लिए मध्य प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के मुख्य सचिव को भी इस संदर्भ में निर्देशित कर दिया गया है। इस पत्र के अनुसार अब एक बार फिर इस कन्हान क्षेत्र के भविष्य को लेकर एक नई उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। उधर एक अन्य जानकारी के अनुसार कन्हान क्षेत्र की एक और ओपन कास्ट भारत ओसी कॉलरी को भी मंजूरी मिल जाने की खबर मिल रही है।

इन खबरों के सकारात्मक रूप से देखे जाने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि कन्हान क्षेत्र के बढ़ते पलायन और अस्तित्व को लेकर कुछ हद तक इस क्षेत्र के लोगों की चिंता कम हो सकती है। इस क्षेत्र के युवा सांसद विवेक बंटी साहू की सकारात्मक पहल का यह नतीजा रहा कि मोआरी खान परियोजना के विस्तार को दिल्ली के केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जल्द ही इसे जमीनी तौर पर देखे जाने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है।

उजड़ते कन्हान क्षेत्र और उसके अस्तित्व पर गहराते संकट को लेकर इस क्षेत्र का प्रमुख समाजसेवी संगठन कन्हान क्षेत्रीय विकास समिति (कन्हान बचाओ मंच समाहित) एवं कोयला श्रमिकों के संयुक्त मोर्चा के संघर्ष के सुखद परिणाम सामने आते दिख रहे हैं। इस संगठन के द्वारा लगातार क्षेत्रीय विकास के लिए विभिन्न स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन व धरना के कार्यक्रम किए गए थे। इसी संदर्भ में कन्हान क्षेत्र के अस्तित्व को लेकर क्षेत्रीय सांसद विवेक बंटी साहू से दख़ल की मांग भी रखी थी, जिसका सुखद परिणाम अब आता दिख रहा है कि इस क्षेत्र में इन दो खदानों के खुलने की संभावनाओं से उम्मीद की एक नई किरण दिख रही है। इस हेतु कन्हान

### खत्म होते व्यापार को मिली संजीवनी, व्यापारियों की मायूसी कुछ हद तक हुई कम

स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अपनी स्वार्थपरक और लापरवाही की राजनीति करने के चलते ही यह क्षेत्र रसातल के गर्त में जा पहुंचा है। तब इसका पूरा खामियाजा स्थानीय जनता और व्यापारी को उठाना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की यह मौजमस्ती, लापरवाही और स्वार्थी राजनीति के कारण ही इस कन्हान क्षेत्र की हालत बद से बदतर हो गए हैं, लेकिन इस क्षेत्र के युवा सांसद विवेक बंटी साहू की सकारात्मक पहल के चलते अब जब दो खदानों के खुल जाने की खबरें मिल रही है, तब कुछ हद तक व्यापारियों के मायूस चेहरे पर हल्की सी रौनक दिखाई दे रही है। आलोचना, दिखावे की धरना आंदोलन की राजनीति और छपास की राजनीति करने वाले स्थानीय जनप्रतिनिधियों की इस शर्मनाक कार्यशैली पर क्षेत्रीय सांसद विवेक बंटी साहू की सकारात्मक राजनीति का यह करारा प्रहार है।

## पंचायत सचिवों ने पक्षपात का मुद्दा उठाकर अपने लिए मांगा इंसाफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज यहां जिला पंचायत सचिव संगठन ने शासन द्वारा वेतन प्रदाय के मामले में अपने साथ पक्षपात होने का मुद्दा उठाते हुए अपनी समस्याओं का निराकरण करने बाबत मुख्यमंत्री महोदय के नाम का ज्ञापन तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर को सौंपा। सचिवों ने मांग की है कि इनका वेतन गौण खनिज वं स्टाम्प शुल्क मद से हटाकर ग्लोबल मद अकाउंट से भुगतान व्यवस्था बनाए जाने की मांग की। इसके साथ ही सभी सचिवों का वेतन हर माह की 1 तारीख को भुगतान करने का उल्लेख किया। रहेगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि म.प्र. पंचायत सचिव संगठन के 23000 पंचायत सचिव शासन के कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे है। यहां तक की कुछ अन्य विभागों के काम भी इनसे कराए जा रहे है। लेकिन इन सचिवों को हमेशा अनियमित रूप से वेतन प्राप्त होत है। अकसर 2-3 माह के अंतराल में इन्हें वेतन मिलता है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद समयमान वेतनमान का लाभ सचिवों को अब तक नहीं मिला है। ग्रामपंचायत के सचिवों का विभाग में संविलयन किया जाए तथा अनुकंपा के लिए पात्र हितग्राहियों की 100 प्रतिशत नियुक्तियां की जाने की मांग सचिवों ने उठाई है।

## नपा परिषद चौरई का वर्ष 2025-2026 का बजट पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगरपालिका परिषद चौरई द्वारा दिनांक 25/03/2025 को परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें अनुमानित आयं 51,52,15,033-00 रूपये, अनुमानित व्यय 51,47,67,665-00 रूपये, अनुमानित बचत. राशि 4,47,368-00. रूपये का सर्व सम्मति से बजट पारित किया गया हैं। बजट के साथ-साथ वर्ष 2025-2026 के लिये साप्ताहिक जनबाजार ठेका एवं अस्थायी दखल वाहन वसूली ठेका की प्राप्त उच्चतम दरं की स्वीकृति प्रदाय की गयी हैं व 09 नामातंरण के प्रकरणों को भी स्वीकृत किया गया हैं।परिषद द्वारा किसी भी प्रकार का कोई नवीन करारोपण नही किया गया हैं।आयोजित सम्मेलन में श्रीमति पूर्णिमा शरद जैन अध्यक्ष, श्री सिरपत नायकं, उपाध्यक्ष, सभापतिगणों में डां. श्री धमेन्द्र जैन, श्री महेन्द्र वर्मा, श्री कुलदीप उईके, श्री सुरेन्द्र सोनी, श्रीमति नीलू शशिकांत निर्मलकर, श्रीमति अरिता दीपक वर्मा, श्रीमति अनुसुईया सोनी.. पार्षदंगणों में श्री अर्जुनसिंह रघुवंशी, श्री अमित चौरसिया, श्री प्रदीप सनोडिया, श्रीमति पुष्पा राउत, श्रीमति फरजाना मंसूरी, श्रीमति चित्रा अंकित. पाण्डे, एवं श्री अभयराजसिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उपयंत्री सहित सभी विभागों के अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे.

### 29 प्राध्यापकों के हित में उपादान भुगतान करने के आदेश जारी

**छिन्दवाड़ा।** श्रम पदाधिकारी छिंदवाड़ा ने बताया कि न्यायालय नियंत्रण प्रधिकारी उपादान भुगतान अधिनियम 1972 एवं श्रम पदाधिकारी छिंदवाड़ा के द्वारा पूर्व में प्राप्त सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं जिला शिक्षा अधिकारी के सहायक अध्यापक प्राथमिक एवं माध्यमिक कार्यरत सहायक अध्यापकों के उपादान के प्रकरण का आज निर्णय लिया जाकर प्राध्यापकों के प्रस्तुत आवेदनों पर 29 प्राध्यापकों के हित में उपादान भुगतान करने के आदेश जारी करते हुये 53,31,102 रूपये सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं जिला शिक्षा अधिकारी के साथ प्राचार्य संत जोसेफ स्कूल को दिये गये। इस अवसर पर अधिवक्ता श्री प्रशांत श्रीवास्तव एवं श्री बर्नार्ड अभिभाषक के साथ ही श्रीमती सरोज राय, श्रीमती शशि साहू, श्रीमती शांति परतेती, श्री चैतराम बुनकर, श्री लखन धनतोले, श्रीमती प्रमिला वर्मा, श्री दयाराम वर्मा, श्री मनमोहन सोनी, श्री ओमकर सिंग वर्मा, श्री अशरफ खान, श्री अजीम खान, श्रीमती मनोरामा सोनी एवं श्रीमती आशा सोनी आदी आवेदक उपस्थित रहे।

## समस्याओं के निराकरण के लिए सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**दमुआ।** मंगलवार दोपहर 12:30 बजे सेन भवन दमुआ से दमुआ नगर पालिका मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय ठाकरे जी को ज्ञापन दिया गया। उनके द्वारा निरीक्षण कर जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया गया,, इस कार्यक्रम को संभवत पूर्ण बनाने में समस्त सेन समाज दमुआ एवं भूतपूर्व अध्यक्ष श्रीमान मनीराम बंदेवार जी पूर्व अध्यक्ष श्रीमान उमेश सोलंकी जी जिला उपाध्यक्ष केश शिल्पी सदस्य श्रीमान राजेश्वर बंदेवार जी एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीमान दीपक बंदेवार जी ब्लॉक अध्यक्ष श्री राहुल बंदेवार जी कोषाध्यक्ष श्रीमान संतोष बंदेवार जी मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष श्रीमान नेहरू रायपुर मीडिया प्रभारी श्रीमान नरेंद्र नगदे जी ओर युवा साथियों का साथ रहा सक्रिय कार्यकर्ता श्री प्रवीण सराठे जी श्री पारस बंदेवार जी एवं समस्त सेन समाज दमुआ की उपस्थित में ज्ञापन देने का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## करणी सेना ने खुलवाया प्याऊ, नपा अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



गर्मी को ध्यान में रखते हुए शहर में पहला सार्वजनिक प्याऊ खोला गया । यह सार्वजनिक प्याऊ करणी सेना के द्वारा खुलवाया गया । जिसका शुभारंभ परासिया नपा अध्यक्ष विनोद मालवी द्वारा फीता काटकर किया गया ।मंगलवार को परासिया पेंच स्टाफ क्लब की बाउंड्री से लगकर बाजार के ठीक सामने सार्वजनिक प्याऊ का शुभारम्भ किया गया ।

यह प्याऊ क्षत्रिय करणी के जिला अध्यक्ष अमोल सिंह सेंगर ( मोनू ठाकुर ) और उनकी टीम के द्वारा खोला गया । जिसका शुभारंभ परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय द्वारा किया गया । इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरूण यदुवंशी , नगर पालिका परासिया के उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर , सभापति पवन सूर्यवंशी , बल्लू नागी , करणी सेना के नवल सिंह परिहार , भाजपा नेता नरेन्द्र विश्वकर्मा , उदय सिंह गौतम , ईश्वर सिंह , ट्रांसपोर्टर अरविंद चौबे , अधिवक्ता संजय पटोरिया , संतकुमार राय आदि मौजूद रहे ।

शुभारंभ अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री मालवी ने करणी सेना के इस प्रयास की सराहना करते हुए शहर में और भी सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ खुलवाने की बात कही । वहीं क्षत्रिय करणी के जिला अध्यक्ष अमोल सिंह सेंगर ने कहा , कि बाजार क्षेत्र होने के चलते गर्मियों में रोजाना बाजार आने - जाने वालों को ठंडे पानी के लिए परेशान न होना पड़े , लोगों को शीतल पेयजल पूरी गर्मी भर मिल सके , इसी उद्देश्य से करणी सेना के तत्वावधान में यह छोटा सा प्रयास किया गया है ।

## बोथवा में खोड़े खोड़वाना बाबा की हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



गोंडवाना भू-भाग में पुरखा पेन शक्ति पूजन व प्रकृति पुजक समाज में आदि काल से चली आ रही रुढी परम्परा संस्कृति अपना एक अलग ही महत्व रहा है. इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए तिरोड़ी तहसील के ग्राम बोथवा में आदिवासी समुदाय ने आराध्य खिला मुठवा देव और खोडे खोडवान बाबा (खंडेरा पेन) की स्थापना कर गोगो किया. यहां पर आदिवासी संस्कृति परंपरा और रीति-रिवाजों के साथ सामाजिक इष्ट देव खिल्या मुठवा देव स्थापित कर खोडे खोडवान बाबा (खंडेरा पेन) गोगो किया गया. आखर गौठान स्थल बोथवा में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत में सुबह गौठान स्थल पर साज सज्जा की गई और भुमका तिरुमाल अंकुश वरकड़े ने गोगो सम्पन्न किया. जिसके दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने जय सेवा जय खिल्या मुठवा देव, पुरखा पेन ता सेवा सेवा जय घोष लगाएं।

आदिवासी परम्परागत गोंड गोवारी समाज के बड़े बुजुर्ग जिन्हें स्थानीय भाषा में गायकी भी कहा जाता है. जो पशु चरवाहे व भुमका (पुजारी) भी है इनके द्वारा देव ठान स्थल पर गोगो व्यवस्था किया गया. खिला मुठवा देव को महुआ तथा गुड़ का प्रसाद चढ़ाया गया और खिला मुठवा देव व खोडे खोडवान बाबा (खंडेरा पेन) के जीवनी पर प्रमुख रूप से प्रकाश डाला गया और ग्रामीण जनों को समाज के लिए उनके समाज सेवा कार्यों के प्रति जागरूक किया गया. मिशन गोंडवाना के अंतर्गत आदिवासी गोंड गोवारी संस्कृति देवठान गौठान संरक्षण व न्याय अधिकार संघर्ष समिति विधानसभा कटंगी अध्यक्ष तिरुमाल संतोष भोयर व संस्कृति व संवैधानिक सलाहकार तिरुमाल भरतलाल ठाकरे के मार्गदर्शन में समस्त कटंगी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में आखर गौठान स्थल पर खिल्या मुठवा देव ठानों का जीर्णोद्धार व खोडे खोडवान बाबा का देवठाना स्थापित किया जाएगा।

## मामला नवेगॉव 3 का : एसडीएम व विद्युत मंडल के अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# लो वोल्टेज व बिजली कटौती से परेशान किसानों व ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

### 26 मार्च को सुबह 8 बजे से नवेगॉव टेल पर करेगे चका जाम

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी-खैरलॉजी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवेगॉव-3 के किसानों व ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम वारासिवनी व कार्यपालन यंत्री मध्यप्रदेश विद्युत मंडल वारासिवनी को ज्ञापन सौंपकर खेतों में लगी हुई रबी की फसल की सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध करवाने की मॉग की। उन्होंने 26 मार्च की सुबह 8 बजे से नवेगॉव 3 के टेल पर डोंगरमाली मार्ग पर चका जाम करने की सूचना दी हैं। जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार करना प्रारंभ कर दिया गया हैं।

**नहीं मिल रही हैं पर्याप्त बिजली:** ग्राम पंचायत नवेगॉव 3 के ग्रामीणों ने सोमवार को सरपंच संदीप लिल्हारे के नेतृत्व में वारासिवनी पहुँच कर जिला पंचायत बालाघाट के पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख से मुलाकात की और उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिलने की समस्या से अगवत कराया। जिस पर श्री देशमुख ग्रामीणों के साथ पहले एसडीएम वारासिवनी के कार्यालय पहुँचे और फिर उसके बाद वह मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के वारा स्थित कार्यालय पहुँचे। जहॉ पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ कार्यपालन अभियंता से मुलाकात की।



**सिंचाई नहीं हो पाने से सूख रही हैं रबी की फसल:** इस मुलाकात के दौरान श्री देशमुख व ग्रामीणों ने विद्युत मंडल के डोंगरमाली केन्द्र से होने वाली विद्युत सप्लाई पर्याप्त रुप से किसानों व ग्रामीणों को नहीं मिलने से उत्पन्न हो रही परेशानियों से अवगत कराया। किसानों का कहना था कि लो वोल्टेज होने के कारण फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है, जिससे फसल सूखने की कगार पर पहुँचती जा रही हैं। वहीं व्यापारियों के व्यवसाय पर भी बिजली पर्याप्त रुप से नहीं मिलने से असर पड़ रहा हैं। विद्युत मंडल द्वारा यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं निकाला गया, तो किसान व ग्रामीणजन आंदोलन करने के लिए विवश हो जायेगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

**एक केन्द्र से 2 पावर हाऊस चलाए जा रहे:** किसानों व ग्रामीणों का कहना था कि डोंगरमाली के 33 के वी केन्द्र से दो-दो पावर हाऊस चलाए जा रहे हैं, जिसके कारण बिजली की सप्लाई पर्याप्त नहीं हो पा रही हैं और क्षेत्र के लगभग 40 ग्रामों के किसान व ग्रामीणजन परेशान हैं। इस ओर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करवाया गया हैं, लेकिन किसी के द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं।

**2 दिन में समस्या सुलझाने का दिया आश्वासन:** किसानों से चर्चा के दौरान कार्यपालन अभियंता ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2 दिनों के भीतर लो वोल्टेज की समस्या को सुलझाने का प्रयास किया जायेगा। वहीं कोशिश की जायेगी कि ग्रामीणों व किसानों को पर्याप्त बिजली मिल सके, जिससे उन्हें व्यापार व सिंचाई में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आए।

ग्राम पंचायत नवेगॉव 3 के सरपंच संदीप लिल्हारे ने बताया कि बिजली की समस्या को लेकर इसके पूर्व 11 मार्च को एसडीएम, विधायक विवेक विक्की पटेल व विद्युत मंडल के अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया था। लेकिन किसी ने भी उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया हैं। यदि अब भी अधिकारियों ने 26 मार्च तक इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो भी किसानों व ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

## सड़क, नाली, पार्क, रोशनी सहित शमशानों पर खर्च ही नहीं होता पैसा

# विकास की राह से डगमगाती नगर परिषद लांजी, बजट और विकास दोनों फेल

हरिभूमि न्यूज लांजी।






भारी भरकम बजट पेश कर नगर परिषद अपनी वाहवाही तो करवा रही है लेकिन जमीनी स्तर पर पिछले बजट का क्रियान्वयन करके देखें तो वह नजर नहीं आता। जबकि नगर विकास को लेकर नगर परिषद नगरवासियों को बजट में कागजी सपने दिखा रहा है। बजट बनाते समय ही अफ सर तय कर लेते हैं कि उन्हें 15 से 25 फीसदी तक राशि हर हाल में बचानी है। इसलिए मूलभूत समस्याओं सड़क, नाली, सार्वजनिक रोशनी, आवारा पशु, गौशाला और श्मशानों, फागिंग मशीन के विकास कार्यों पर तय रकम का आधा पैसा भी खर्च नहीं हो पाता। इसी पैसे को बचाकर लांजी नगर परिषद के जनप्रतिनिधि और अधिकारी सरप्लस बजट देने की वाहवाही लूट रहे हैं। नगर के विकास को लेकर नगर परिषद की इस रटे रटाये बजट को लेकर कोई भी हैरान नहीं हैं। क्योंकि आम तौर पर बजट में जो प्रावधान किए जाते हैं, वह पैसा खर्च ही करना होता है। कई बार तो तय प्रावधान से भी ज्यादा राशि खर्च हो जाती है। जबकि नगर परिषद लांजी द्वारा बजट प्रावधान और तय राशि होते हुए भी उसे विकास कार्यों पर खर्च नहीं करना नगर के लोगों के साथ धोखा है। इससे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगते हैं कि वे विकास को लेकर कितने गंभीर हैं। रोचक यह है कि इस बार भी नगर परिषद ने साल 2025-26 के बजट में परिषद द्वारा कुल अनुमानित व्यय 78 करोड़ 19 लाख 18 हजार 989 रूपये तथा कुल अनुमानित व्यय 71 करोड़ 54 लाख, 37 हजार रूपये एवं कुल अनुमानित बचत 6 करोड़ 64 लाख 81 हजार 989 आंकी गई है। यानि, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने यह तय कर लिया है कि उन्हें 6से 7 करोड़ रुपए बचाने ही हैं। परिषद हर साल बजट में ही रकम बचाने का प्रावधान कर लेता है और विकास कार्यों के लिए प्रस्तावित राशि भी पूरी खर्च नहीं हो पाती। यह हाल तो तब है जब नगर में आवारा गोवंश, बंदर के हमलों से लोग आए दिन चोटिल हो रहे हैं। कई वार्डो में काफी रोड लाइटें बंद पड़ी हैं। कोटेश्वर श्मशान गृह में भी लोगों के बैठने के लिए न तो पर्याप्त बैंच हैं और न ही नहाने के लिए पानी की पुख्ता व्यवस्था हैं।

**विकास से बिल्कुल नहीं है इनका नाता :** बीते दिनों पेश किये गये बजट में निर्धारित मदो से होने वाली आय के अतिरिक्त स्टेडियम में निर्मित व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स एवं नवीन कॉम्पलेक्सों का निर्माण कर निकाय की आय को बढ़ाने की जानकारी दी गई है परंतु नगर में इन कॉम्प्लेक्सों की स्थिति क्या है किसी से भी छिपा नहीं है। वहीं नगर में गणेशी तालाब में लगे फव्वारे हो या सुभाष चौक में लगे ट्रैफिक सिग्नल, सुभाष चौक के फव्वारे, बाल उद्यान तो बना परंतु उसका नामकरण आज तक नहीं हो पाया और आनन फानन में उदघाटन भी करा दिया गया, बाल उद्यान का शिलालेश भी निजी दीवार पर लगा दिया गया। नगर में बन रही रोडों की हालत और उसकी गुणवत्ता नगरवासी देख ही रहे हैं। परंतु जनप्रतिनिधी और अधिकारी इसे लोकहित में संतुलित बजट की संज्ञा दे रहे है।

## सात दिवसीय संगीतमय कथा का आज होगा भव्य समापन

# ग्राम दुलापुर में बह रही भक्तिमय शिव महापुराण की गंगा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** क्षेत्र के ग्राम दुलापुर में नारनौरे परिवार द्वारा 7 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है, जिसकी शुरुआत 20 मार्च को मंगल कलश यात्रा से की गई थी। शिव महापुराण के पांचवे दिन 25 मार्च मंगलवार को वायवीय संहिता -पूर्व खण्ड, वायवीय संहिता - उत्तखंड, कृष्ण जन्म, शिवजी महिमा, हवन-पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है की कार्यक्रम में 21 मार्च को शिव महापुराण-शिव शक्ति बोध, विद्येश्वर संहिता, रूद्र संहितासृष्टि खण्ड का वाचन किया गया जिसमें भक्त प्रहलाद एवं हिरण्यकश्यप व होलिका दहन की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया। 22 मार्च शनिवार को रूद्र संहिता, पार्वती खण्ड, शिव पार्वती विवाह की कथा का वाचन किया गया। 23 मार्च रविवार को रूद्र संहिता- कुमार खंड, रूद्र संहिता-युद्ध खंड, शतरूद्र संहिता का वाचन किया गया। 24 मार्च सोमवार को कोटि रूद्र संहिता, शिव धनुष कथा श्रोतागणों के समक्ष वाचन किया गया। वहीं आज 26 मार्च बुधवार को शिवपुराण का महत्मं, गीता पाठ दहीकाला महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक दुलीचंद - बेनु बाई नारनौरे एवं समस्त नारनौरे परिवार ने सभी भक्तजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। शिव महापुराण कथा 26 मार्च तक रोजाना दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है।

इसके पहले 20 मार्च को कलश यात्रा में दुलापुर एवं इसके आसपास की 108 महिलाओं ने एक जैसे परिधान पहनकर व सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। उक्त शोभा यात्रा सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत दुलापुर के समीप स्थित शिव मंदिर से निकली गई जो बस्ती रोड़ होते हुए कुल देवी, हनुमान मंदिर, देवी मंदिर तालाब, भगत टोला होते हुए शिव महापुराण कथा स्थल दुलीचन्द नारनौरे निवास स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा कर कलश शोभा यात्रा का स्वागत किया तथा कथावाचक संत मानिक दास बाबा का पुष्प गुच्छ तथा दूपट्टा पहनाकर स्वागत वंदन किया गया। बाजे गाजे के साथ कलश शोभा यात्रा में बच्चो एवं युवाओं ने हाथों में ध्वज पताका लेकर देवी देवताओं के जयघोष के नारे लगाये गये। पूजन उपरांत शिव महापुराण कथा का श्री गणेश किया गया।

# बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण, एक-एक हफ्ते नहीं कर पा रहे स्नान

## छपारा के आदिवासी बहुल्य गांव में स्थिति काफी खराब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में अभी से ही पानी के लिए ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में जल मिशन योजना क्रियान्वित नहीं हो पा रही है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना की शुरुआत 15 अगस्त 2019 को की गई थी। योजना के तहत वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से पीने का पानी उपलब्ध कराने की बात कही गई थी, लेकिन यह योजना सिवनी जिले में दम तोड़ती नजर आ रही है। कई ग्रामीण इलाकों में भीषण जल संकट की स्थिति बनी हुई है। जिले के छपारा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माहुलपानी के दल्ली टोला गांव में हालात काफी खराब हो गए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां वर्ष 2023 में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार और पेयजल प्रदाय के लिए लाखों रुपए स्वीकृत किए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने आज तक काम पूरा नहीं किया। दल्लीटोला में जल जीवन मिशन योजना अधूरी पड़ी न कुआं और न ही हैंडपंप दल्ली टोला गांव में काफी संख्या में आदिवासी परिवार निवासरत है। जिनकी संख्या 100 से अधिक है। गांव में एक भी सरकारी कुआं और हैंडपंप नहीं है। जल जीवन मिशन योजना के तहत भी पानी नहीं मिल रहा है। गांव के पेयजल संकट के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि प्यास बुझाने के लिए दो से तीन किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। ठेकेदार ने आधा अधूरा काम छोड़ दिया, जिसके चलते गांव में भीषण जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। समस्या को लेकर वह लगातार जनपद पंचायत और विभाग के पेयजल प्रदाय योजना को पूरी कर गांव में पेयजल उपलब्ध कराए जाने की मांग काफी समय से की जा रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते अब लोगों को भीषण पेजल संकट से जूझना पड़ रहा है।

### सरपंच ने भी कर दिया मना

ग्रामीणों ने बलया कि सरपंच रघुवीर धुर्वे द्वारा टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा था, लेकिन अब वह भी बंद कर दिया गया। पूछने पर बताया गया कि प्रशासनिक अधिकारियों ने टैंकर से पानी गांव में भेजने के लिए मना कर दिया है।

### महिलाएं नहीं कर पा रहीं स्नान

गांव की महिलाओं ने बताया कि पेयजल संकट काफी है। मुश्किल से पीने के पानी की व्यवस्था हो पाती है। एक-एक हफ्ता पानी की कमी के चलते स्नान भी नहीं कर पा रही हैं।

### इधर,पेंच परियोजना (माचा गौरा) बांध का पानी केनाल के माध्यम से भीमगढ़ बांध में छोड़े जाने की माँग की

केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने म.प्र. विधानसभा सदन में जल संसाधन विभाग की लापरवाही के कारण पानी न मिलने से किसानों की सूखी फसलों का सर्वे कराए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक सिंह ने माननीय विधानसभा अध्यक्ष



महोदय को उक्त संबंध से अवगत कराते हुए कहा कि गत दिनांक को ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से उन्होंने सदन में किसानों की जटिल समस्या को रखा जिस पर मंत्री महोदय के द्वारा टीम गठित कर सर्वे कराये जाने का आश्वासन दिया गया परंतु आज दिनांक तक उस पर कुछ अमल नहीं किया गया। विधायक ने मंत्री महोदय को स्मृति कराते हुए क्षेत्र में किसानों की सूखी फसलों का त्वरित सर्वे कराये जाने की माँग किया। सदन में विधायक ने प्रतिवर्ष लगातार सिंचाई के पानी में बढ़ती समस्याओं को लेकर चिंता जाहिर करते हुए क्षेत्र में पानी की समस्या के समाधान हेतु पेंच परियोजना (माचा गौरा) बांध का पानी केनाल के माध्यम से भीमगढ़ बांध में छोड़े जाने की माँग की।

गुणवत्ता विहीन मरम्मत कार्य, सात धारा पर्यटन स्थल घोषित किए जाने विधायक ने सदन मे उठाया मुद्दाः मध्यप्रदेश षोडश (16 वीं) विधानसभा के पंचम सत्र मे केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने दिनांक 24/03/2025 को तारांकित/अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से निम्नलिखित प्रश्न उठाये गए। 1. सागर जलाशय भोमा में गुणवत्ता विहीन मरम्मत कार्य के संबंध में। 2. ग्राम घाट खरपडिय़ा के पास सात धारा स्थल को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने संबंध। 3. प्रस्तुत याचिका 2. पलारी एवं उगली में फायर बिग्रेड (अग्नि शामक) वाहन प्रदाय किए जाने संबंध।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में शिक्षक बृजराज सिंह बघेल की मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी। श्री बृजराज सिंह बघेल माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल हरदुली विकासखंड धनौरा में पदस्थिति जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश अनुसार आज 23 मार्च को प्रशिक्षण में उपस्थित होकर अपने ग्राम जा रहे थे।तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार मा थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

### घंसौर में पिता-पुत्र घायलः वाहन ने बाइक को मारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के केवलारी गांव के पास सोमवार रात एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार धनीराम चौधरी (35) और उनका 5 वर्षीय पुत्र आरव चौधरी घायल हो गए। घटना रात के समय की है, जब पिता-पुत्र बाइक से घंसौर की ओर जा रहे थे। केवलारी गांव के पास पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत घंसौर पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। धनीराम की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही टक्कर मारकर फरार हुए वाहन और चालक की तलाश जारी है।



### महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के तत्वाधान में रविवार 23 मार्च को मंडला रोड स्थित सात फेरेलन लान में होली मिलन कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम समाज के आराध्य देव संत नरहरी महाराज को याद कर पूजन अर्चन की गई। तत्पश्चात समाजिक के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम नृत्य नाटक गीत गाकर सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी गई एवं महिलाओं के द्वारा भी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी एवं सभी बालक एवं बालिकाओं को जिला स्वर्णकार समाज के जिला अध्यक्ष पूनम चंद सोनी एवं महिला जिला अध्यक्ष पदमा सोनी एवं महिला मित्र मंडली समाज के गणमान्य नागरिकों की गरिमा में उपस्थिति रही। बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड व नगद पुरस्कार के दिया गया कार्यक्रम में जिला के सभी वर्ग वरिष्ठ कार्यकर्ता युवा कार्यकताओं व बड़ी संख्या में महिलाएं व नन्हे बच्चो ने भाग लिया मंच का संचालन संजय पप्पू सोनी एवं मयूर सोनी ने मंच का शानदार प्रदर्शन किया जिला भर से पहुंचे सामाजिक बंधुओं ने जमकर रंग गुलाल उड़ाये एवं एक दूसरे को तिलक लगाकर गले लगे। एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी सभी ने भोजन ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



### तीन दिवसीय कम्युनिटी यूथ लीडर प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। लखनादौन मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन एवं जनजातीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन के द्वारा संयुक्त रूप से जीवन कौशल पर सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित माध्यमिक शालाओं, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों एवं कन्या शिक्षा परिसर में जीवन कौशल पर संयुक्त रूप से कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला सिवनी जिले के विकासखंड लखनादौन के बुनियादी शाला लखनादौन में 20 मार्च से 22मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना क्षेत्र के अलग - अलग ग्रामों से कम्युनिटी यूथ लीडर की सहभागिता रही। प्रशिक्षण, ब्लॉक मैनेजर नेत्रपाल कटरे जी एवं अंकित राजपूत जी के द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम प्रबंधक रवि प्रताप सिंह तोमर जी, जनपद शिक्षा केंद्र से क्वक्रष्ट श्रीराम पटले जी, आजिविका मिशन से प्रशांत राय जी एवम आरके प्रजापति जी ,जन अभियान परिषद समन्वयक रीता वर्मा जी एवं सक्षम नोडल अधिकारी सुनील साहू जी की उपस्थिति रही।

## संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर द्वारा जिले में परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र भोपाल द्वारा आयोजित हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 अंतर्गत मंगलवार 25 मार्च 2025 को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर श्री प्राचीश जैन द्वारा सिवनी जिले में परीक्षा केन्द्र म.ल.बा.क.शास.उ.मा.वि.सिवनी, ने.सु.च.बो.शास.उ. मा. वि.सिवनी एवं शास. उ.मा.वि.उर्दू सिवनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रुप से संचालित पाई गई साथ ही बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केन्द्र शास. उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में कक्षा 10वी एवं 12वी के मूल्यांकन कार्य का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मूल्यांकनकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है।

उन्होंने बताया कि शास.उ.मा.वि.क. मठ सिवनी का निरीक्षण कर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की बैठक लेकर दिनांक 01 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो रहे नवीन शिक्षा सत्र में छात्राओं की शतप्रतिशत उपस्थिति हेतु प्रचार-प्रसार करने, छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित कर शैक्षणिक कैलेण्डर अनुसार शैक्षिक एवं अन्य गतिविधियां संचालित किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# बरघाट क्षेत्र में चल रहा अवैध ईंट भट्टों का कारोबार

**मध्यप्रदेश में अब ईंट भट्टों के लिए खनिज विभाग ने नई गाइडलाइन तय की है। जिसके चलते अब कहीं पर भी मिट्टी का खनन नहीं कर सकेंगे। ईंट बनाने वाले कारीगरों को परिवहन के लिए मुख्यालय से अनुमति लेनी होगी। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल पास के जरिए इंट ट्रांसपोर्ट होंगे।**

### खनिज विभाग की गाईड लाईन का नहीं किया जा रहा पालन, प्रशासन भी है मौन
### ईंट भट्टों के लिए खनिज विभाग की नई गाइडलाइन जारी
### कुम्हारों को सरकार को देना होगा राजस्व, कलेक्टर देंगे परमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

वहीं ईंट बेचने पर कुम्हारों को सरकार को राजस्व देना होगा। बढ़ते हुए मिट्टी के खनन को देखते हुए खनिज विभाग ने ईट भट्टों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। इन गाइडलाइन के अनुसार ईट बनाने के लिए मिट्टी की खुदाई के लिए कलेक्टर परमिशन देंगे। बिना परमिशन के मिट्टी की खुदाई नहीं कर सकते। इसके साथ ही ईंट बनाने वाले कारीगरों को परिवहन के लिए मुख्यालय से अनुमति लेनी होगी।

प्रदेश में माटीशिल्पी कामगारों को माटी उत्पाद के लिए स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए यह गाइडलाइन तय की गई है। राज्य सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में खनिज नियम, 1996 में विहित प्रावधानों के तहत प्रदेश में माटीशिल्प कामगारों को माटी उत्पात के लिए स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं के दृष्टिगत के लिए कार्यवाही किए जाने की बात कही गई है। प्रदेश में अब नई गाइडलाइन के अनुसार ही अब मिट्टी खोदी जा सकेगी।

लेकिन समस्या हो रही है जिससे ग्रामीणों में भारी संख्या में आक्रोश दिखाई दे रहा है अगर प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करती है तो निश्चित तौर पर क्षेत्र में बड़ी घटना बहुत जल्द देखने



और सुनने को मिलेगी क्योंकि प्रदूषण से होने वाली बीमारियों का जिम्मेदार कौन होगा इसके अलावा अन्य समस्या का सामना करने के लिए ग्रामीण परेशान दिखाई दे रहे हैं सिवनी जिले की बरघाट विधानसभा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में इस समय ईंट भट्टा का काम जारी है और प्रशासन मौन दिखाई दे रहा है जहां बिना परमिशन की भट्टे संचालित हो रहे हैं।

विभाग की नाक नीचे यह कारोबार धड़ल्ले से जारी है और इस पर अंकुश नहीं लग रहा है जिसमें खनिज वन विभाग और राजस्व की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिरकार अवैध ईद भट्टों पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे हैं क्योंकि अवैध उत्खनन कर मिट्टी और रेत कहां से आ रही है इसके अलावा भट्टे को पकाने के लिए लकड़ी इतनी अधिक मात्रा में कहां से आ रही है और राजस्व कैसे परमिशन दे सकते हैं। वहीं पूरे ग्रामीण क्षेत्र में ईंट भट्टे से हो रहा प्रदूषण से उपजाऊ जमीन पर असर हो रहा है इसके अलावा इस प्रदूषण से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना हो रहा है जिससे भारी 6 राजस्व खनिज और वन विभाग की भूमिका सदेह सब जानते हैं और सबको पता है की ईट भट्टो का संचालन के लिए महत्वपूर्ण सामग्री रेत मिट्टी और इन्हें पकाने के लिए लकड़ी की जरूरत होती है इसके बाद ही इंट कंप्लीट होती है जिसके लिए मध्य प्रदेश शासन ने ईंट भट्टों के संचालन के लिए नियम शर्ते एवं आदेश जारी किए हैं की अवैध तरीके से भट्टों का संचालन ना हो अगर कोई नियम विरुद्ध तरीके से अगर कोई संचालन करता है तो शासन प्रशासन को कार्यवाही करने के लिए आदेश निर्देश होते हैं और प्रशासन निष्पक्ष कार्यवाही करने के लिए बाध्य रहती है लेकिन सिवनी जिले के अंतर्गत बरघाट विधानसभा में समय ईट भट्टों का संचालन नियम विरुद्ध तरीके से किया जा रहा है।

आश्चर्य इस बात का है की गर्मी के चलते पूरे प्रदेश में पानी की कमी की समस्या हर वर्ष होती है जिससे कई संस्था बहुत से अभियान चलाती है जिससे पानी गर्मी में की कमी ना हो इसके अलावा विभाग भी सतर्क हो जाता है लेकिन बरघाट विधानसभा के अंतर्गत की तालाब में इस समय भट्टो का संचालन के लिए शासकीय तलाव का पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं जिसमें विभाग पर सवाल उठ रहे हैं कि अनुमति कैसे दी और अगर अनुमति नहीं दी है तो विभाग कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा है क्योंकि तालाब से किसान सहित जानवरों को पानी मिल सके लेकिन इनके कारण जानवरों को भी इस तालाब से पानी नसीब नहीं हो रहा है जो बड़ा ही गंभीर विषय बताया जा रहा है जिससे ग्रामीण और सहित जानवर मलिक यानी किसानों को जानवरों को पानी पिलाने में काफी परेशानी हो रही है जिससे सभी किसान और ग्रामीण आक्रोश में नजर आ रहे हैं।

# 31 मार्च या 1 अप्रैल को मनाई जा सकती हैं ईदुलफितर ईद - सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। इस्लामी पवित्र महा रमजान शरीफ़ 2 मार्च से शुरू हुए थे जो कलेंडर तारीख से एक दिन पिछे चल रहे हैं इस्लामी महा रमजान शरीफ़ की 24 तारीख 24 वा रोजा है जबकि अंग्रेजी तिथि मार्च महा की 25 तारीख है इस लिहाज से अगर उर्दू तिथि चांद 29 सा दिखाई देता है तो ईदुलफितर ईद का पर्व त्यौहार 31 मार्च को मनाया जा सकता है, और अगर उर्दू तिथि का चांद 30 सा होता है तो रमजान शरीफ़ के मुकम्मल 30 रोजे रखे जाएंगे और ईदुलफितर 1 अप्रैल को मनाई जा सकती हैं। सूफ़ी समाजिक कार्यकर्ता मंजूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है की रमजानुल मुबारक का आखिरी अशराह शुरू हो गया है जिसमें पाच मुक़द्दस रात जिसे शबे कद्र कहा जाता है जो 21 वी 23 वी 25 वी 27 वी 29 वी शब कद्र के रुप में मनाईं जाती है ज्यादातर मस्जिदों में 27 वी शबे कद्र कों कुरान मजीद हुफ़फाज ए इकराम द्वारा मुकम्मल कर सुना दिया जाता है, जबकि तराहवी की नमाज़ चांद देखकर शुरू की जातीं हैं और चांद देखकर खत्म की जाती है चांद अगर अपने क्षेत्र में नहीं दिखाई देता है तब एतराफ के क्षेत्रों में अगर चांद दिखाई देता है तो शरई शहादत तस्दीक के बाद ऐलान किया जाता है, इस मौके पर उलमा ए अहले सुन्नत व जमात सुन्नी तंजीम तहरीक का अहम योगदान रहता है। लिहाजा चांद 29 सा होगा तो ईदुलफितर 31 मार्च बरोज पीर को मनाई जा सकती हैं, और रमजानुल मुबारक के 30 रोजे पुरे होते हैं तो याने ईदुलफितर का चांद 30 सा दिखाई देता है तो फिर ईदुलफितर ईद का पर्व त्यौहार 1 अप्रैल बरोज मंगल को मनाई जाएगी, इस मौके पर संपूर्ण देश एवं प्रदेश सहित



सिवनी जिले भर में सुबह 7 बजे से 9,30 बजे तक अलग-अलग क्षेत्रों गांव कस्बों ब्लाकों सहित शहरी क्षेत्र ईदगाह मस्जिद बुधवारी बजार नूर अंबिया मस्जिद पिजारी मोहल्ला मस्जिद रज़ा मस्जिद गौसिया मस्जिद गरीब नवाज मस्जिद ताजुल वरा मस्जिद सहित और भी अन्य मस्जिदों में ईदुलफितर ईद की नमाज़ अदा की जाती है। इसी प्रकार छपारा केवलारी बरघाट कुरई ख्वासा आदेगाव कानीवाडा भोमा धूमा लखनादौन कहानी घंसौर किंदरई केदारपुर उगली पाडया छपारा जनता नगर बोरदई जिले भर में तमाम मस्जिदों में नमाज अपने तय किये गए वक्त पर नमाज़ पढ़ी जाएगी जों सुबह लगभग 7 बजे से 9,30 बजे तक सभी मस्जिदों में अदा की जाएगी। अमन-चैन शांति सद्भावना आपसी भाईचारे वाले इस पर्व ईदुलफितर कों जिले भर में शांति पूर्वक मनाया जाएगा । आगामी दिनों में बहुसंख्यक समुदाय के भी बड़े पर्व त्यौहार है जिसे देखते हुए समूचे मुस्लिम समाज समाजिक कार्यकर्ता संगठनों धार्मिक नेता धर्म गुरु से अपील है की है कि हमारे देश प्रदेश जिला सिवनी में आपसी भाईचारा कायम रखने गंगा जमुनी तहज़ीब संस्कृति को क़ायम रखने विषेष दुआ करते हुए देश की एकता अखंडता भाई चारा क़ौमी एकता कों बढ़ावा देने का प्रयास करें।

ईदुलफितर ईद पर पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम ने यतिमो बेहसरा मजलूमों बेवाओं खासतौर पर यतिमो पर सफ्कत का हाथ रख कर दुनियाएं इंसानियत को इंसानियत का पैगाम दिया है। आगामी दिनों में लगातार त्यौहार पर्व को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन नगर पालिका परिषद सिवनी से अपील है की सभी मुस्लिम बहुल क्षेत्रों खासतौर पर ईदगाह मस्जिद बुधवारी बजार ईदगाह मस्जिद जियारत सभी मस्जिदों के आसपास मोहल्ले में साफ-सफाई बिजली पानीं व्यवस्था सुसज्जित बनाने में अहम विषेष रूप से नगर पालिका परिषद छपारा केवलारी बरघाट लखनादौन सहित ग्राम पंचायत व्यवस्था बना कर सहयोग प्रदान करें एवं जिला पुलिस अधीक्षक महोदय चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था यातायात व्यवस्था को लेकर विषेष अपील है खासतौर पर ईदुलफितर ईद के दिन शहरी क्षेत्र में ईदगाह मस्जिद बुधवारी बजार से जियारत दरगाह तक सुबह से नो इंट्री बस वगैरह के रुट दोपहर 1 बजे तक डायवर्ड करने की अपील की गई है।

सूफ़ी मंजूर रज़ा क़ादरी इंजिनियर समीर कुरैशी पप्पू उस्मानी हाफिज़ गुलाम गौस हाफिज़ अब्दुल वाहिद अशरफी अकील सरकार हादी अहमद फय्याज कुरैशी छोटू पाषर्द बाबा भाई बोरदई ,अहमद हुसैन, तहरीक अंजुमन जमात रज़ा ए मुस्तफा आल इंडिया सुन्नी हनफी सूफ़ी बरेलवी मुस्लिम त्योहार कमेटी दरगाह खानकाह कमेटी सूफ़ी मंजूर रज़ा क़ादरी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष लब्बैक यूथ फोर्स आतंकवाद विरोधी संगठन सिवनी मध्यप्रदेश इंडिया।

# धोखाधड़ीः शिकायतकर्ता अर्पित तिवारी को पेश होने के आदेश

### मृत व्यक्ति के नाम पर हुई रजिस्ट्री अब होगी शून्य

कुरई विकासखंड अंतर्गत फर्जीवाड़ा कर रजिस्ट्री को शून्य करने के संबंध में एसडीएम कुरई द्वारा आदेशित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक अर्पित्त तिवारी द्वारा एक शिकायत पेश कर उलेख किया है कि ग्राम सेवनकन्हापर रा. नि.मं. कुरई स्थित भूमि खसरा नं. 66 रकबा 1.93 है. भूमि मुन्नेलाल पिता कन्हैया के नाम पर भूमि स्वामी दर्ज थी। मुन्नेलाल की मृत्यु सन 1987-88में हुई थी। ग्राम के एक अन्य व्यक्ति जिसके पिता का नाम मुन्नेलाल था जिसकी मृत्यु 04 जनवरी 2008 को ग्राम रमपुरी में हुई है उसका मृत्यु प्रमाण ग्राम कोटवार पंचायत पत्र बनवाकर कूटरचित तरीके से फौती नामांतरण करवा लिया गया। वहीं उक्त भूमि बेच दी गई जिसमें सूरत पिता मन्नेलाल पिता जगन ग्राम सरपंच, सचिव, दलाल प्रहलाद डहरवाल, पटवारी अजय गजभिये नायब तहसीलदार कुरई के साथ खरीददारगण रीता पति आकाश खंडेलवाल, कोमल मालूका शामिल होने का लेख किया गया है। इस दौरान शिकायतकर्ता अर्पित तिवारी अनुपस्थित रहे। प्रकरण का अवलोकन करने पर पाया गया कि अर्पित तिवारी द्वारा पेश शिकायत में ना तो अपना पता दिया गया है और ना ही अपना दरमा नेचर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी ने जारी आदेश में तथाकथित अर्पित तिवारी को 27 मार्च 2025 को एसडीएम कार्यालय कुरई में पेश होने के लिए कहा गया है। ऐसे में देखना यह है कि उक्त दिनांक तक अर्पित तिवारी पेश होते है या वह सिर्फ एक काल्पनिक नाम रचा गया है।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 141 आवेदन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। जिलास्तरीय जनसुनवाई में दुर्गावती वार्ड सिवनी निवासी उषा बाई द्वारा अवैध कब्जा हटाये जाने विषयक, गांधी वार्ड सिवनी निवासी रवि चौरसिया द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बघोडी सिवनी निवासी ज्ञानचंद चौधरी द्वारा रेडक्रास सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, सीबी रमन वार्ड सिवनी निवासी मोनिका बहारे द्वारा डिलेवरी के बाद मातृवंदन योजना की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम आष्टा तहसील बरघाट निवासी अभिनय सांडिल द्वारा बीमा राशि प्रदाय किये जाने विषयक, ग्राम डोरली छतरपुर निवासी सुखचैन गहलोद द्वारा वृद्धापेंशन का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बोरदई सिवनी निवासी दीपक सिंगोतिया एवं अन्य द्वारा वार्ड क्रमांक 10 में पानी की सप्लाई कराये जाने विषयक, ग्राम पीपरडाही निवासी चेतराम व अन्य द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत आवासीय पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम धनवाही निवासी द्रोपती कपाल द्वारा सुदूर सडक निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम टिकारी सिवनी निवासी चूरामन सतनामी द्वारा फसल की क्षति पूर्ति राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम चंदौरीकला थाना बंडोल निवासी संतोष कुमार डहेरिया द्वारा मत्स्य पालन पटटे का आवंटित कराये जाने विषयक, ग्राम जैतपुरकला निवासी ओंमकार सिंह द्वारा जन सम्मान निधि की राशि पूर्वअनुसार दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा निवासी सकरवती ठाकरे द्वारा मृत्यु उपरांत जनहानि राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम कोहका रैयत निवासी राजकुमार द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम पाटन निवासी अमित बाघमारे द्वारा अवैध कब्जा हटाये जाने विषयक, ग्राम खमरिया सिवनी निवासी गोपाल यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम नांगदहार तहसील लखनादौन निवासी इत्तुलाल यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम नागदहार निवासी पंचमलाल डहेरिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, लखनादौन निवासी पुनाराम उइके द्वारा रकबा दर्ज कर सुधार किये जाने विषयक, ग्राम बम्होडी निवासी सविता भलावी द्वारा मकान निर्माण के लिए भूमि प्रदाय किये जाने विषयक, कुम्हारी मोहल्ला बरघाट निवासी राजेश सिंगौर द्वारा संबल योजना के तहत अंत्येष्टी व अनुग्रह सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी शाहिद खान द्वारा आधार कार्ड बनाये जाने विषयक, लखनादौन निवासी प्रदीप श्याम कुमार दर्जी द्वारा वनभूमि प्रदान कराने विषयक सहित कुल 141 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

### इंदिरा भवन में रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन में रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया, रमजान के



पवित्र महिने में मुस्लिम धर्म को मानने वाले लगातार एक माह तक रोजा (उपवास) रखकर ईश्वर की अराधना करते है। जिला कांग्रेस द्वारा प्रति वर्ष रोजा अफ्तार कराया जाता है, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने बताया कि कांग्रेस पार्टी संविधान का पालन करते हुये धर्मनिरपेक्षता पर काम करती है सभी धर्मो का सम्मान करना पार्टी की प्राथमिकता है कुछ दिन पूर्व जिला कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था, इसी तरह कांग्रेस कार्यालय में सभी धर्मो के कार्यक्रम सम्मानजनक तरीके से आयोजित किये जाते है। इस तरह के आयोजन से सभी धर्मो के लोगो के प्रति आदर भाव एवं एकता मजबूत होती है। जिला कांग्रेस इंदिरा भवन में आयोजित होली मिलन समारोह एवं रोजा अफ्तार में बडी संख्या में कांग्रेस जन सम्मलित हुये।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूड सिवनी थाना के पास ग्राम सिंड्रिया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

### फैसले का ग्रामीणों ने किया विरोध, कहा- वे भ्रष्टाचार को रोक रहे थे; इससे पंच नाराज

## अविश्वास प्रस्ताव से सरपंच को हटाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत गुदमा में सरपंच पद को लेकर विवाद गहरा गया है। बीते 22 मार्च को सरपंच अशोक कुमार वरकड़े को अविश्वास प्रस्ताव के जरिए पद से हटा दिया गया। इस फैसले के विरोध में मंगलवार को 50 से अधिक ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

मतदान में कुल 20 पंचों में से 16 पंचों ने अविश्वास में मतदान किया। सिर्फ सरपंच समेत 3 पंचों ने विश्वास में वोट डाला। नायब तहसीलदार तेजलाल धुर्वे और खंड पंचायत अधिकारी श्यामलाल अड़माचे की मौजूदगी में यह मतदान हुआ।

### लोग बोले- सरपंच अच्छा काम कर रहे थे

ग्रामीण सुधीर राऊत के अनुसार, वरकड़े पंचायत में अच्छा विकास कार्य कर रहे थे। ग्रामीणों को बिना सूचना दिए पंचों ने उन्हें हटा दिया। विरेन्द्र कुमार रिनायत ने कहा कि सरपंच भ्रष्टाचार को रोक रहे थे, जिससे पंच नाराज थे।

### उपसरपंच ने कहा- बिना चर्चा के काम करते थे सरपंच

हालांकि, उपसरपंच गणेश गोदरे का आरोप है कि सरपंच पंचों से चर्चा किए बिना काम करवाते थे। एक लाख 24 हजार रुपए के एक काम में जांच के बाद उन पर रिकवरी भी निकाली गई थी।

खंड पंचायत अधिकारी



श्यामलाल अड़माचे ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर स्थानापन्न सरपंच की नियुक्ति की जाएगी।

### भटेरा में अब नगर पालिका करेगी फेंसिंग, दुकानदारों से मांगी फेंसिंग

## एक ही जगह से पांच बार हटाया अतिक्रमण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के भटेरा में अतिक्रमण की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को जनसुनवाई में मिली शिकायत पर नगर पालिका ने एक बार फिर कार्रवाई की।

लोकमन कौशल की दुकान के सामने मुन्ना बाबा द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। यह इसी स्थान पर साढ़े चार महीने में पांचवीं बार की गई कार्रवाई है। मुन्ना बाबा कथित तौर पर दान में मिली इस जगह पर वर्षों से काबिज थे। प्रशासन ने 8 नवंबर 2024 को पहली बार सख्ती से अतिक्रमण हटाया। इसके बाद 12 नवंबर को दूसरी बार और 20 नवंबर को तीसरी बार कार्रवाई की गई। हर बार हटाए जाने के बाद भी मुन्ना बाबा ग्रीन तिरपाल की मदद से फिर से कब्जा कर लेते थे। नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। अधिकारी रोज इसी मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी बार-बार होने वाले अतिक्रमण पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की



गई। प्रभारी सीएमओ बीएल लिल्हारे ने बताया कि अब इस जगह पर फेंसिंग कराई जाएगी। इसके लिए आसपास के दुकानदारों से जरूरी दस्तावेज मांगे गए हैं। यह कदम स्थायी समाधान के लिए उठाया जा रहा है।

### बालाघाट ने अंडर-20 राज्य फुटबॉल में 7-0 से जीता मैच

**बालाघाट।** बालाघाट के मुलना मैदान में चल रही अंडर-20 राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बालाघाट टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को खेले गए मैच में डीएफए बालाघाट ने डीएफए रायसेन को 7-0 से हराया। मुकाबले में रायसेन की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। जिला फुटबॉल संघ के सुनील यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ और जिला फुटबॉल संघ बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में हो रही है। टूर्नामेंट 31 मार्च तक चलेगा। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, मंडला, रायसेन, जबलपुर, नीमच और बालाघाट की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

आज दो मैच होंगे। सुबह 8 बजे डीएफए मंडला और इंदौर के बीच मुकाबला होगा। इसके बाद सुबह 10:30 बजे डीएफए भोपाल और ग्वालियर की टीमें आमने-सामने होंगी। इस कॉम्पिटीशन में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश की अंडर-20 टीम के लिए किया जाएगा। यह टीम नेशनल कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेगी।

### सिवनी में मिला बालाघाट का 28 हजार किलो अवैध चावल

## धान खरीदी घोटाला; 22 समितियों पर एफआईआर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले में धान उपार्जन में बड़ा घोटाला सामने आया है। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जिले की 22 सहकारी समितियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साथ ही सिवनी की शकुंतला देवी राइस मिल में जिले का 28,590 किलोग्राम अवैध चावल जब्त किया है।

इस वर्ष के खरीफ सीजन में जिले के कुल 1.30 लाख पंजीकृत किसानों में से 1.09 लाख किसानों से धान की खरीदी की गई। कुल 54.99 लाख क्विंटल धान की खरीदी 2,300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से की गई। इस खरीदी की कुल कीमत 1,260 करोड़ रुपए से अधिक थी। धान की कमी की शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू की। जांच में करोड़ों रुपए के धान की कमी पाई गई। शकुंतला देवी राइस मिल के मालिक आशीष अग्रवाल के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। जिन समितियों पर एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें मोहगांव, उकवा, कुमादेही, चरेगांव, टाकाबर्रा, नांदी तिरोड़ी, भंडेरी, जरेरा, करंजा, सिवनी कलांसारद, चिखला सालेटेका, बम्हनी हरदोली, धनकोषा, वोथवा, महकेपार, परसवाड़ा, खैरलाजी, कटोरी, मोहगांवघाट, सालेबर्डी, रामपायली, भजियादंड और टेकाड़ीघाट की सहकारी समितियां शामिल हैं। घोटाले की जांच 3 मार्च को मोहगांव की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति और विपणन समिति से शुरू हुई थी।

**पहली बार नान ने की थी खरीदी:** इस वर्ष पहली बार मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन ने जिले के 185 धान खरीदी केंद्रों में खरीदी की थी, जिसमें



शासन के निर्देशानुसार 2 दिसंबर से 23 जनवरी तक जिले के पंजीकृत एक लाख 30 हजार 803 किसानों में एक लाख 9 हजार 961 किसानों से 54 लाख 99 हजार 616.01 क्विंटल धान खरीदी गई। 23 सौ क्विंटल पर खरीदी गई धान की कुल कीमत 1260 करोड़ से ज्यादा की थी।

**कमी के कारण सोसायटी कर्मचारी युवक ने दी थी जान:** 28 जनवरी को जिले की चरेगांव समिति में धान खरीदी केन्द्र में लगे सोसायटी कर्मचारी जितेन्द्र बिसेन ने आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद विधायक मधु भगत और परिजनों ने यहां प्रदर्शन किया था। इस मामले में पुलिस ने मृतक के सुसाइड नोट के आधार पर ट्रांसपोर्टर, सोसायटी कर्मचारी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया था। यह मामला काफी सुर्खियों में रहा, जिसमें भी शॉर्टेज की बात सामने आई थी।

## मोहगांव ध. में गूंजा मानव धर्म का उद्घोष, चलाया गया स्वच्छता अभियान, आज हजारों सेवकों का महासम्मेलन



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** ग्राम पंचायत मोहगांव ध. के दशहरा मैदान में परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के आदेशानुसार मानव धर्म का भव्य सेवक सम्मेलन आज 26 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर 15 हजार से अधिक सेवक-सेविकाओं की उपस्थिति संभावित है। सम्मेलन की पूर्व संध्या पर 25 मार्च को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें सेवकों ने पूरे ग्राम और कार्यक्रम स्थल को स्वच्छ बनाने हेतु श्रमदान किया।

**स्वच्छता अभियान से हुआ महासम्मेलन का शुभारंभ :** बालाघाट के वरिष्ठ मार्गदर्शक टीकाराम पराते ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा गांधी की स्वच्छता प्रेरणा से प्रेरित होकर परमात्मा एक सेवकों ने यह अभियान चलाया। लालबर्रा, बालाघाट और वारासिवनी सहित विभिन्न स्थानों से आए सैकड़ों सेवकों ने ग्राम मोहगांव ध. में चौक-चौराहों और दशहरा मैदान की सफाई की। जिस तरह महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने का कार्य किया और पूरे भारत देश में स्वच्छता अभियान की अलख जगाकर शुरुआत की गई। आज परमात्मा एक सेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया हैं।

**हवन, शोभायात्रा, चर्चा बैठक और भजन संध्या का होगा आयोजन :** आज प्रातः सामूहिक हवन के साथ सम्मेलन की शुरुआत होगी। तत्पश्चात बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे नगर का भ्रमण कर दशहरा मैदान पहुंचेगी जहां मंचीय कार्यक्रम में महान त्यागी बाबा जुमदेवजी के विचारों पर चर्चा की जाएगी। जिसके बाद भजन संध्या का आयोजन होगा वहीं इस अवसर पर नशा मुक्त समाज की प्रेरणा और अंधश्रद्धा से बचाव का संदेश दिया जाएगा।

सम्मेलन में परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के अध्यक्ष राजू जी मदनकर की अध्यक्षता रहेगी, वहीं संजय महाकालकर उद्घाटन करेंगे। मंच पर मनोहर देशमुख, सूरजलाल अंबुले, प्रवीण उराड़े, मोरेश्वर गभणे, वासुदेव पडोले, टीकाराम भंडारकर, फकिरा जी जीभकाटे, विठ्ठलराव क्षीरसागर सहित कई गणमान्य अतिथि व कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहेंगे।

### लालबर्रा पुलिस द्वारा गौ तश्करो के विरूद्ध कार्यवाही

**लालबर्रा।** पुलिस अधीक्षक बालाघाट नगेन्द्र सिंह द्वारा गौ वंश तस्करी के मामलों को गंभीरता से लेकर पशु तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने हेतु दिए गए निर्देश के पालन में, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महो बालाघाट विजय डाबर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी के निर्देशन में थाना लालबर्रा पुलिस टीम ने 05 नग गौ वंश (बैल) मय चार पहिया वाहन के जप्त कर पशु तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। 25.03.2025 को मुखबिर सूचना मिली कि मोहगांव बकोड़ा रोड से गौ तस्करी करने वाले पीकप वाहन में 05 नग गौ वंश ( बैल) को क्रूरता पूर्वक भरकर कत्लखाने महाराष्ट्र की तरफ तस्करी कर ले जा रहे है, जो सूचना पर थाना प्रभारी लालबर्रा द्वारा त्वरित रूप से टीम बनाकर नाकाबंदी की गई और सूचना तस्दीक करते हुए 02 नफर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 91/2025 धारा-4,6,9 म.प्र. गौ वंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 11(1)डी पशुओं के प्रति क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है एवं अपराध में उपयोग किए गए पिकअप वाहन जप्त कर 05 गौवंश बैल को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराने में सफलता प्राप्त की है।

## विद्युत उपभोक्ताओं का शोषण बंद किया जाए: विधायक मधु भगत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

23 मार्च को विधानसभा सत्र के दौरान, परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने राज्य के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का ध्यान बालाघाट जिले में विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे शोषण की ओर आकर्षित किया। विधायक ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के तहत एक पत्र भेजकर इस गंभीर मुद्दे पर राज्य सरकार का ध्यान केंद्रित किया।

विधायक ने बताया कि बालाघाट जिले के विद्युत उपभोक्ताओं को अत्यधिक और अनावश्यक बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे वे परेशान हो रहे हैं। उनके मुताबिक, कई स्थानों पर तो मीटर तक नहीं लगाए गए हैं, फिर भी अनुमानित बिल भेजे जा रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत हैं। विद्युत नियामक आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि बिना रीडिंग के बिल जारी नहीं किए जा सकते, लेकिन इसके बावजूद यह प्रक्रिया जारी है।



विधायक ने कुछ उदाहरणों के माध्यम से स्थिति को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि बगदरा, कोहकाडीबर और भरवेली जैसे गांवों में वितरण केन्द्रों के सर्विस क्रमांक पर अत्यधिक और गलत बिल जारी किए गए हैं, जिनकी राशि क्रमशः 35298, 35695 और 22549 रुपये है। ये बिल ग्रामीणों के लिए एक भारी बोझ बन गए हैं, क्योंकि यह सभी लोग दैनिक मजदूरी करने वाले हैं। जब इन उपभोक्ताओं ने इस मुद्दे को सुधारने के लिए वितरण केन्द्र से संपर्क किया, तो अधिकारियों ने न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि विद्युत सेवा भी काट दी। इसके बावजूद, विभाग ने बिल को सही करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया और समय पर कोई उचित समाधान नहीं दिया।

विधायक मधु भगत ने इस मुद्दे पर सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग की ओर से ऐसी गड़बड़ियां और शोषण आम जनता के लिए मुश्किलें पैदा कर रहे हैं, और यह किसी न किसी रूप में उनके जीवन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने सरकार से यह अपील की कि इस प्रकार के मामलों की उच्चस्तरीय जांच की जाए ताकि विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी और लूट पर अंकुश लगाया जा सके।

## नगर परिषद हुई सख्त : जलकर बकायादारों के काटे नल कनेक्शन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर परिषद कटंगी जल कर वसूलने के लिए सख्त कार्रवाई कर रही है. जिन लोगों पर जलकर की मोटी रकम बकाया है. उन्हें नोटिस जारी कर सार्वजनिक मुनादी करवाकर भी चेताया जा चुका है लेकिन फिर भी जिन लोगों ने बकाया राशि जमा करनी शुरू नहीं की है. अब ऐसे बड़े बकायादारों के घरेलू नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देश पर मंगलवार की दोपहर साढ़े 03 बजे जल प्रदाय शाखा प्रभारी सुनील मरकाम ने कर्मचारियों के साथ वार्ड क्रमांक 11 में जलकर की बकाया राशि जमा नहीं करने वालों के घरों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की. नगर परिषद कटंगी लगातार मुनादी करवाकर सभी प्रकार के बड़े बकायादारों से राशि जमा करने के लिए कह रही है लेकिन जो राशि जमा नहीं कर रहे है अब उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है. यह कार्रवाई बकायेदारों के लिए सबक के तौर पर की जा रही है. सुनील मरकाम ने बताया कि अभी चालू वर्ष का करीब 03 लाख रुपए बकाया है जबकि इतनी ही राशि बीते वर्ष की भी है. उन्होंने बताया कि जो भी बकायादार राशि जमा नहीं करेगा. उनके घरों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी. कनेक्शन कटने के बाद जो लोग उस लाइन को तोड़ते हुए पानी भरने की कोशिश करेगें या ऐसा कृत्य करेगें. उनके खिलाफ नगर परिषद पानी चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज कराने की बात भी कह रही है।



गौरतलब हो कि कटंगी शहर में कई रसूखदार लोग टुल्लू पंप लगाकर पानी की भी चोरी करते है. जिससे अलग-अलग वार्डों के कई हिस्सों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता. गर्मी के दिनों में यह समस्या अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक बढ़ जाती है. वार्डों में पानी सप्लाई नहीं होने से नागरिक परेशान होते है. पानी की चोरी करने वालों के खिलाफ भी नगर परिषद अध्यक्ष चलाकर कार्रवाई करने की तैयारी में है. पानी की कमी के लिए घरों मे चल रहे टुल्लू पंप को बड़ा कारण माना जा रहा है. नलों का पानी टुल्लू पंप से चोरी किया जा रहा है. नगर पालिका को भी घरों में टुल्लू पंप चलाए जाने की जानकारी है, इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है. जिसका कारण नगर परिषद के भीतर चलने वाला भाई-भतीजावाद है. अगर कर्मचारी कार्रवाई करना चाहे तो परिषद में बैठे जनप्रतिनिधि कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं करने का दबाव बनाते है।

### पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

**बालाघाट।** आंगनबाड़ी केंद्रों में क्रियान्वित होने वाले पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के लिए जिले की 2516 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से प्रारम्भ हो चुका है। प्रशिक्षण की निगरानी एवं मूल्यांकन कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम सत्र 24 मार्च से 26 मार्च एवं 27 से 29 मार्च तक सभी 11 बाल विकास परियोजना मुख्यालय में 26 बैच में आयोजित किए गए हैं।

### जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सामुहिक प्रयास जरूरी

**बालाघाट।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड वारासिवनी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू विद्यार्थियों व जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रमरमा के संयुक्त प्रयासों से द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन के लिए रमरमा नाले में लगभग 160 बोरीयों का बोरी बंधान किया गया। बंधान के पश्चात जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## 7 सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर प्रारंभ





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर शासकीय प्राथमिक शाला लोहारा, सामुदायिक भवन में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरू किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम लोहारा में प्रारंभ हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्देश्य मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा शीर्षक पर आधारित शिविर का शुभारंभ 24 मार्च दिन सोमवार को मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे एवं जनपद सदस्य रंजना वैद्य के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे सरपंच ग्राम पंचायत लोहारा शशिकला ठाकुर, हट्टा सरपंच उमेश सोनेकर एवं पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत लिंगा लक्ष्मीबाई फूंडे कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेड़े द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित के साथ किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेडे एवं एन.एस.एस. बैच द्वारा फूलमाला एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया इसके पश्चात प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेड़े द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य ,उद्देश्य एवं शिविर, दिनचर्या द्वारा अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना वैद्य ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना आपके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है आपसी सामंजस्य एवं सहयोग की भावना विकसित होती है इसी प्रकार श्रीमती शशिकला ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत लोहारा द्वारा शिविर कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग करने की बात रखी एवं शिविर में पहुंचे अन्य सभी अतिथियों ने भी अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कीर्तिबाला फूंडे द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम सहयोगी शिक्षिका श्रीमती अनीता नगपुरे सम्मिलित रही इस अवसर पर गणमान्य नागरिक ,पंच एवं महिला सदस्य उपस्थित रहे। शिविरार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं देसी खेलकूद के गुर सिखाए गए वहीं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना किरनापुर के कोर्स डायरेक्टर श्रीमती अमृता कुजूर के नेतृत्व में सुपरवाइजर श्रीमती पुस्तककला वासनिक श्रीमती सुशीला कॉवड़े,श्रीमती धनवंता वरकडे, श्रीमती सुलोचना रावते, श्रीमती मनीषा पारधी, श्रीमती जागृति बघेल मास्टर ट्रेनर महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय में क्रियान्वित होने वाले पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के लिए -2516 आंगनबाड़ी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जिसमें 100-100 कार्यकर्ताओं को 24 से 26 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।तीन दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम सत्र 24 मार्च से 26 मार्च तक प्रथम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें आज प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में ष्पोषण भी पढाई भी टाईटल का परिचय कराया गया। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईसीसीई गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये प्रशिक्षकों को प्रक्टिकली जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आवश्यक संसाधनः पीपीटी, वीडियो, प्रोजेक्टर, स्क्रीन, स्पीकर की मदद से प्रशिक्षण को सहज बनाया गया और कार्यकर्ताओं को सहजता से समझाया भी जा सका। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को क्विज भी दिया गया, जो बच्चों के मस्तिष्क और उर्जा को परखने के लिये है। इस संबंध में कोर्स डायरेक्टर श्रीमती अमृता कुजूर ने बताया कि भारत सरकार के पोषण भी पढ़ाई भी अभियानआंगनवाड़ियों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए नवचेतना, अनौपचारिक शिक्षा एवं दिव्यांगता चिन्हांकन से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है।

**कार्या. ग्राम पंचायत बेहरई, जप लालबर्रा**

क्र./क्यू/ //निविदा आमंत्रण सूचना// दिनांक 25/03/2025

कार्यालय ग्राम पंचायत बेहरई जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2025-26 में दिनांक 01/04/2025 से 31/03/2026 तक की अवधि हेतु मनरेगा 15वॉ वित्त, 5वॉ वित्त, राज्य वित्त, गौण खनिज विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत निर्माण कार्य हेतु ईंट, रेत, गिट्टी, मिट्टी, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पॉलिथिन, पाईप, पुलिया, गट्टू, दरवाजा, खिड़की, सेन्ट्रीग, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा खुलने की दिनांक 02/04/2025 को समय 02 बजे होगी। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर प्राथमिकता दी जावेगी। जो भी सप्लायर सामग्री प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 26/03/2025 से 01/04/2025 तक निविदा बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा कर सकता हैं। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से संपर्क कर सकते हैं।

मनोज चौहान, सचिव, ग्रा. पं. बेहरई
श्रीमती सरिता बारेकर, उपसरपंच, ग्रा. पं. बेहरई
श्रीमती शारदा दिलीप टेंभरे, सरपंच,ग्रा. पं. बेहरई

**कार्या. ग्राम पंचायत अरनामेटा, जप बालाघाट**

क्र./क्यू/ //निविदा आमंत्रण सूचना// दिनांक 24/03/2025

कार्यालय ग्राम पंचायत अरनामेटा जनपद पंचायत बालाघाट अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2025-26 में दिनांक 01/04/2025 से 31/03/2026 तक की अवधि हेतु मनरेगा 15वॉ, वित्त, 5वॉ वित्त, राज्य वित्त, गौण खनिज विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत निर्माण कार्य हेतु ईंट, रेत, गिट्टी, मिट्टी, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पॉलिथिन, पाईप, पुलिया, गट्टू, दरवाजा, खिड़की, सेन्ट्रीग, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा खुलने की दिनांक 01/04/2025 को समय 02 बजे होगी। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर प्राथमिकता दी जावेगी। जो भी सप्लायर सामग्री प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 25/03/2025 से 31/03/2025 तक निविदा बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा कर सकता हैं। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से संपर्क कर सकते हैं।

सचिन आंबिलकर, सचिव, ग्रा. पं. अरनामेटा
कमलेश दमाहे, उपसरपंच, ग्रा. पं. अरनामेटा
श्रीमती प्रेमबती उइके, सरपंच, ग्रा. पं. अरनामेटा